# University in News on 21 May 2024

## i-NEXT PAGE 4

# बीएड प्रवेश परीक्षा के 36 केंद्र

### 30 मई को जारी होंगे प्रवेश पत्र, नौ जून को प्रवेश परीक्षा

**LUCKNOW (20 MAY):** लखनऊ विश्वविद्यालय ने नौ जून को होने वाली उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 के लिए पांच जिलों में 36 केंद्र प्रस्तावित किए हैं. इसकी सूची प्रवेश परीक्षा कराने वाले बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी को भेज दी गई है. सबसे ज्यादा लखनऊ में 18 केंद्र प्रस्तावित सूची में शामिल हैं. वहीं, हरदोई चार, सीतापुर चार, रायबरेली पांच और लखीमपुर खीरी में पांच केंद्र हैं.

### 30 को मिलेंगे प्रवेशपत्र

शासन ने इस बार उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी को दी है. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी सूचना के अनुसार 30 मई को अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे. नौ जून को प्रदेश भर में निर्धारित केंद्रों पर परीक्षा होगी. स्कोर कार्ड जारी किए जाने की तिथि 30 जून प्रस्तावित है.

### सूची भेज दी गई

राजधानी के नोडल समन्वयक डा. आरबी सिंह ने बताया कि प्रस्तावित सूची बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी को भेज दी गई है. वहां से फाइनल सूची जल्द जारी होगी. लखनऊ यूनिवर्सिटी से जुड़े जिलों में भी जनपद नोडल समन्वयक नामित किए जा चुके हैं.

### पीजी और एलएलबी की परीक्षाएं कल से



लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक और एलएलबी (तीन वर्षीय) सम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत 22 मई से होगी. इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है. पीजी की परीक्षा सिर्फ लखनऊ यूनिवर्सिटी कैंपस में है. वही, एलएलबी की परीक्षाओं के लिए 30 केंद्र बनाए गए हैं. इन पर 41 कालेजों के छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे.

### किस दिन कौन सा एग्जाम

बुधवार को पीजी परीक्षा के पहले दिन एमए आचार्य दूसरे सेमेस्टर में पेपर-1 काव्य प्रकाश 4-5 उल्लास विषय की परीक्षा है. परीक्षा का समय सुबह नौ से 12 बजे तक रहेगा. वहीं, एलएलबी तीन वर्षीय चौथे सेमेस्टर (रेगुलर, एग्जेम्प्टेड, बैक पेपर) में दोपहर दो से शाम पांच बजे तक ला आफ एविडेंस प्रथम पेपर की परीक्षा आयोजित की जाएगी. विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि 22 मई से पीजी की जो परीक्षा है वह सिर्फ कैंपस में है. मुख्य विषयों की परीक्षाएं 24 मई से शुरू होंगी. एक-दो दिन में इसके केंद्र जारी किए जाएंगे.

### आठ जून से परीक्षाएं कराने की तैयारी

डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ने सत्र 2023-24 की स्नातक, परास्नातक सम सेमेस्टर के प्रथम चरण की परीक्षाओं का संशोधित एवं प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है. अब यह परीक्षाएं पांच के स्थान पर आठ जून से शुरू कराने की तैयारी है. परीक्षा कार्यक्रम में 22 मई को शाम पांच बजे तक संशोधन या त्रुटि की स्थिति में doce-a@aktu.ac.in पर सूचित किया जा सकता है. इसके बाद फाइनल कार्यक्रम जारी होगा.परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर राजीव कुमार ने बताया कि पहले प्रथम चरण की रेगुलर व कैरीओवर परीक्षाएं पांच जून से प्रस्तावित की गई थी, लेकिन छात्र-छात्राओं की ओर से भेजे गए ई-मेल आवेदन, कई कालेजों की ओर से आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की वजह से तिथि में बदलाव प्रस्तावित किया गया है. अब रेगुलर की परीक्षाएं आठ जून से कराने की योजना है. उन्होंने बताया कि परीक्षाओं के लिए प्रदेश भर में करीब 130 केंद्र बनाए जाएंगे. जल्द ही इसकी सूची जारी की जाएगी.

## DAINIK JAGRAN PAGE 3

# लवि : बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए 36 केंद्र प्रस्तावित

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने नौ जून को होने वाली उत्तर प्रदेश बी.एड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 के लिए पांच जिलों में 36 केंद्र प्रस्तावित किए हैं। इसकी सूची प्रवेश परीक्षा कराने वाले बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी को भेज दी गई है। सबसे ज्यादा लखनऊ में 18 केंद्र प्रस्तावित सूची में शामिल हैं। वहीं, हरदोई चार, सीतापुर चार, रायबरेली पांच और लखीमपुर खीरी में पांच केंद्र हैं।

शासन ने इस बार उत्तर प्रदेश बी.एड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी को दी है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी सूचना के अनुसार 30 मई को अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। नौ जून को प्रदेश भर में निर्धारित केंद्रों पर परीक्षा होगी। स्कोर कार्ड जारी किए जाने की तिथि 30 जून प्रस्तावित है।

राजधानी के नोडल समन्वयक डा.आरबी सिंह ने बताया कि प्रस्तावित सूची बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी को भेज दी गई है।

### लवि : पीजी और एलएलबी की परीक्षाएं कल से

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक और एल.एल.बी (तीन वर्षीय) सम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत 22 मई से होगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। पीजी की परीक्षा सिर्फ लवि कैंपस में है। वहीं, एल.एल.बी की परीक्षाओं के लिए 30 केंद्र बनाए गए हैं। इन पर 41 कालेजों के छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। बुधवार को पीजी परीक्षा के पहले दिन एम.ए आचार्य दूसरे सेमेस्टर में पेपर-1 काव्य प्रकाश 4-5 उल्लास विषय की परीक्षा है। परीक्षा का समय सुबह नौ से 12 बजे तक रहेगा। वहीं, एल.एल.बी तीन वर्षीय चौथे सेमेस्टर (रेगुलर, एग्जेम्प्टेड, बैक पेपर) में दोपहर दो से शाम पांच बजे तक ला आफ एविडेंस प्रथम पेपर की परीक्षा आयोजित की जाएगी।